हरिभूमि

# सीहोर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 20 मई 2024

सीहोर | भैरुंदा | रेहटी | इछावर | कोठरी | श्यामपुर | शाहगंज | कालापीपल | जावर

06 खस्ताहाल दमकल और अप्रशिक्षित स्टाफ के ...




07 अपहरण का प्रयास असफल, जब युवक नहीं ...



## खबर संक्षेप

### डीएलएड कोर्स: 26 मई तक होंगे पंजीयन

**सीहोर।** सभी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान तथा अशासकीय महाविद्यालयों में डीएलएड पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2024-25 के लिए पंजीयन की प्रक्रिया 13 मई से एमपी ऑनलाइन के माध्यम से शुरू कर दी गई है। संस्थानों में प्रवेश के इच्छुक उम्मीदवार राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल की वेबसाइट पर जाकर प्रवेश संबंधी सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद वे अपना ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। प्रथम चरण के पंजीयन की अंतिम तिथि 26 मई निर्धारित की गई है।

### आईटीआई में एडमिशन के लिए प्रक्रिया शुरू

**सीहोर।** मप्र राज्य कौशल विकास विभाग द्वारा प्रदेशभर के प्राइवेट आईटीआई में प्रवेश प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। प्रदेश में विभाग के पोर्टल के माध्यम से स्टूडेंट ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। विभाग के अनुसार प्रत्येक स्टूडेंट को पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराना जरूरी होगा। रजिस्ट्रेशन फार्म सरकारी और प्राइवेट आईटीआई के लिए समान होगा। स्टूडेंट प्राइवेट आईटीआई में च्वाइस फिलिंग के माध्यम से प्रवेश का विकल्प कर सकेंगे। च्वाइस फिलिंग प्रारंभ होने की सूचना अलग से जारी की जाएगी।

### डिप्लोमा फार्मेसी परीक्षाएं 24 से

**सीहोर।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) ने सभी संबद्ध डिप्लोमा फार्मेसी कॉलेजों में सेकंड ईयर की मुख्य परीक्षाओं के लिए रिवाइज्ड शेड्यूल जारी किया है। इसके तहत फार्मेसी के सेकंड ईयर की परीक्षाएं 24 मई से होगी। साथ ही कॉलेजों को निर्देश दिए हैं कि वे अपनी वेबसाइट पर टाइम टेबल अपलोड करें, ताकि छात्रों को समय से जानकारी मिल सके।

### डीईएलईडी अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा के लिए आवेदन 22 तक

**सीहोर।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा संचालित सत्र 2023-24 की प्रारंभिक शिक्षा में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम (डीईएलईडी) नियमित परीक्षा प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष में अध्ययनरत परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन-पत्र ऑनलाइन भरने के लिए पूर्व में जारी आदेशानुसार 14 अप्रैल 2024 निर्धारित की गई थी। जिसे आदेश में अब आंशिक संशोधन करते हुए ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरने के लिए विलम्ब शुल्क 1500 रुपए के साथ अंतिम तिथि 22 मई निर्धारित की है।

## बिजली कंपनी की अनदेखी: कई कॉलोनियों में दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रहे उपकरण

# कई वार्डों में खुले पड़े ट्रांसफार्मर तो कहीं सड़कों पर लटक रहे हैं तार

कई ट्रांसफार्मर ऐसे हैं, जिनके आसपास खरपतवार उग गया है। जिसे खाने के लिए जानवर पहुंचते हैं और हादसे का शिकार हो सकते हैं। वहीं शहर के कई मार्ग ऐसे हैं, जिन पर बिजली के खुले तार जमीन से करीब 10 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं जिससे वाहन चालकों के साथ हादसे होने का खतरा बना रहता है।

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



ट्रांसफार्मर लगाने के बाद उसके चारों तरफ लोहे की जाली लगाकर सुरक्षित किया जाता है, ताकि कोई इंसान या मवेशी उसके पास न जा सके और हादसे का शिकार न हो। लेकिन शहर में स्थिति इसके उलट है। नगर में कई ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं, जिससे हादसे का खतरा बना रहता है। इस तरह के नजारे नगर के अंदर जगह जगह देखे जा सकते हैं।

जहां ये ट्रांसफार्मर खुले पड़े हैं, उनमें तहसील चौराहा, बस स्टैंड रोड स्थित केनरा बैंक के सामने, बड़ा बाजार, दूल्हा बादशाह नाले के पास, सिटी कोतवाली थाने के पास, गाड़ी अड्डा, जायसवाल हॉस्पिटल चौराहा, पोस्ट ऑफिस रोड, झलावा मेडिकल स्टोर (इंग्लिशपुरा) के सामने, सीएमओ निवास के पास रोड पर ट्रांसफार्मर के नीचे के बॉक्स खुले पड़े हैं। इसके बाद भी बिजली कंपनी इन बॉक्स को बंद नहीं करा रही। इनके चारों तरफ लोहे की जाली लगाकर भी सुरक्षित नहीं किया गया है और यदि जाली लगी है तो वह पूरी तरह से टूट चुकी हैं या सड़कर खराब हो गई हैं।

### ट्रांसफार्मर के पास ऊगी खरपतवार खाने जाते हैं मवेशी

कई ट्रांसफार्मर ऐसे हैं, जिनके आसपास खरपतवार ऊग गया है। जिसे खाने के लिए जानवर पहुंचते हैं और हादसे का शिकार हो सकते हैं। वहीं शहर के कई मार्ग ऐसे हैं, जिन पर बिजली के खुले तार जमीन से करीब 10 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे हैं जिससे वाहन चालकों के साथ हादसे होने का खतरा बना रहता है। यदि यहां से कोई बड़ा वाहन गुजरता है तो तार टकराने से हादसा हो सकता है। यह खुले तार शहर की कॉलोनियों में झूल रहे हैं।

### खड़े होकर छू सकते हैं तार

ऑटो चालक अजय ठाकुर ने बताया कि शहर में कई जगह ऐसी हैं जहां बिजली के तार लटक रहे हैं। यह तार इतने नीचे हैं कि कई बार ऑटो से टच होने की नौबत आ जाती है। इससे हादसा होने का खतरा रहता है।

### ट्रांसफार्मर के नीचे लगी हैं दुकानें

जहां पर यह ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं, वे या तो किसी के घर के पास हैं या उसके नीचे लोगों के द्वारा दुकानें लगाई जाती हैं। इस कारण से भी यह चिंता का विषय है।

इस संबंध में कंपनी के अधिकारी शरद महोबिया ने बताया कि कहीं पर तार लटक रहे हैं तो इसे ठीक कराया जाएगा।

## सलकनपुर पहाड़ी से उतरते समय हुआ हादसा: स्कूटी डिवाइडर से टकराई, एक गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



जिले के सलकनपुर में शनिवार को देवीधाम से दर्शन कर लौट रहे एक परिवार की स्कूटी का ब्रेक फेल हो गया। जिससे गाड़ी तेज गति से नीचे आने लगी। कुछ ही देर में गाड़ी असंतुलित हुई और डिवाइडर से टकरा गई। गाड़ी और उसे चला रहे व्यक्ति दोनों नीचे गिर गए। जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। जहां गाड़ी गिरी, उससे 30 फीट की दूरी पर मोड़ और खाई थी। गाड़ी डिवाइटर से टकराने से बड़ी दुर्घटना होने से टली। एक्सीडेंट में गाड़ी चला रहे व्यक्ति घायल हो गए। उन्हें सिर और पैर में चोट आई। घायल की पत्नी, बेटी घबराकर रोने लगे। गुजर रहे अधिकृत ट्रैक्सी के ड्राइवर व कुछ दुकानदार परिवार की मदद के लिए पहुंचे। टैक्सी में बैठाकर घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी ले जाया गया। व्यापारी संघ के अरविंद मालवीय ने बताया घायल परिवार हरदा जिले का रहने वाला है। जो पत्नी, बेटी, बेटा के साथ दर्शन करके लौट रहे थे। नीचे उतरते समय गाड़ी का ब्रेक फेल हो गया। जिससे गाड़ी तेजी से नीचे उतरने लगी। मोड़ के पहले डिवाइडर से गाड़ी टकरा गई। घायल व्यक्ति का इलाज कराया गया। एक्सीडेंट को लेकर किसी ने भी थाने में जानकारी नहीं दी।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली में दबने से किसान की मौत

**सीहोर।** अहमदपुर में शनिवार को दर्दनाक हादसा हो गया। थाना अंतर्गत ग्राम पाडलिया निवासी एक किसान की ट्राली में दबने से मौत हो गई है। पुलिस से बताया कि मृतक जीवन सिंह पिता नारायण सिंह दांगी (40) ट्राली को प्रेशर से ऊपर उठाकर उसमें कुछ काम कर रहा था, तभी अचानक प्रेशर का बोल्ट या कोई अन्य खराबी आने के कारण ऊपर हुई ट्राली नीचे आ गई। हादसे में किसान जीवन दांगी के ऊपर ट्राली गिरने के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। अहमदपुर थाना प्रभारी अविनाश भोपले ने बताया कि पुलिस मर्ग कायम कर जांच की जा रही है। वहीं शव को पीएम के लिए श्यामपुर भेज दिया है।

## सूरज उगल रहा आग: पारा पहुंचा 42.5 डिग्री के पार मौसम विभाग का अनुमान अभी और भी बढ़ेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



सीहोर जिले में बीती 1 सप्ताह के दौरान लगातार अधिकतम तापमान 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। बीते 24 घंटे की बात करें तो अधिकतम तापमान 42.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि तापमान में अभी और बढ़ोतरी होने की संभावना है, क्योंकि आसमान अभी साफ है और उत्तर दिशा से हवाए चल रही है।

जानकारी के अनुसार तापमान में बढ़ोतरी को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की गई है। साथ ही जिला अस्पताल से लेकर उपस्वास्थ्य केंद्र तक की संस्थाओं को लू के प्रकरणों के उपचार के लिए अलर्ट पर रहने के निर्देश जारी किए गए हैं। हीट स्ट्रोक के प्रारंभिक प्रबंधन के लिए सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओआरएस कॉर्नर बनाए गए हैं। उल्टी, दस्त, बुखार के प्रबंधन और उपचार हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थाएं स्वास्थ्य केंद्रों में सुनिश्चित की गई हैं।

### गंभीर और घातक हो सकता है हीट स्ट्रोक

हीट स्ट्रोक होने पर शरीर का तापमान 104 डिग्री फैरेनहाइट तक पहुंच जाता है। यह स्थिति धीरे-धीरे हो सकती है या एकाएक भी आ सकती है। जटिल अवस्था होने पर किडनी काम करना बंद कर सकती है। लू लगने पर तुरंत उपचार न किया जाए तो व्यक्ति की मृत्यु भी हो सकती है।

### लक्षणों की जल्द पहचान करके किया जा सकता है कम

तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना, शरीर का तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का न आना, सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, अधिक प्यास लगना और भूख कम लगना, बेहोश होना, लू लगने के लक्षण है। इन लक्षणों की पहचान जल्द से जल्द किया जाना जरूरी है, जिससे शीघ्र उपचार शुरू किया जा सके और स्वास्थ्य लाभ मिल सके।

### डिहाइड्रेशन की स्थिति से बचें

स्वास्थ्य विभाग ने बताया कि तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और नमक की कमी हो जाती है। इससे बचाव के लिए जरूरी है कि बहुत अधिक समय तक धूप के सीधे संपर्क में न रहे।

## कांकरखेड़ा जोड़ के पास बाइक-कार की भिड़ंत में तीन लोग गंभीर घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



सीहोर-इछावर रोड पर रविवार को एक सफारी कार और बाइक टकरा गई। इसमें बाइक सवार तीन लोग गंभीर घायल हो गए। दुर्घटना करीब 11 बजे कांकरखेड़ा जोड़ के पास हुई है। बाइक सवार तीनों लोग इछावर से सीहोर की ओर जा रहे थे। रास्ते में उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर कार से सामने आ गई। इसमें बाइक सवार तीनों लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके से गुजर रहे लोगों और कार सवार ने घायलों को उठाया। लोगों ने देखा तो एक व्यक्ति के शरीर में हलचल नहीं है। दो लोग दर्द से कराह रहे हैं। कार सवार मनोज मालवीय ने बताया कि मैं घर की महिलाओं को लेकर सीहोर से इछावर जा रहा था। बाइक सवार तीनों लोग सामने से आ रहे थे। ये सड़क पर लहराकर गाड़ी चला रहे थे। तीनों रॉन्ग साइड अचानक उनकी कार के सामने आ गए। मैंने बचाने का प्रसास किया, इसके बाद भी गाड़ी से टकरा गए। टक्कर के बाद दो लोग कार के बोनट और कांच पर गिरे। इसके बाद मैंने उन्हें उठाया। यहां से गुजर रहे लोगों को रोककर घायलों को अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था की। कुछ लोगों ने 108 को कॉल कर सूचना दी। घायलों को सीहोर जिला अस्पताल भेजा है। घायल बेसुध होने के कारण उनकी शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### लाड़कुई वन अमले ने 14 नग सागौन की सिल्लियों सहित टाटा मैजिक की जब्त



**भैरुंदा।** वन विभाग द्वारा लगातार अवैध रूप से परिवहन की जा रही वन उपज को लेकर कार्रवाई की जा रही। इसी दौरान रात्रि गस्त के दौरान वन परिक्षेत्र लाड़कुई अंतर्गत ग्राम हाथीघाट सड़क मार्ग से नंदगांव की ओर जा रही टाटा मैजिक से अवैध रूप से परिवहन करते 14 नग सागौन की सिल्लियो सहित टाटा मैजिक को वन अमले द्वारा जप्त किया गया। मौके से वाहन चालक हुआ फरार वन परिक्षेत्र लाड़कुई लाया गया। वहीं जानकारी देते हुए वन परिक्षेत्र अधिकारी प्रकाशचंद्र उईके ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रात्रि गश्त के दौरान हथीघाट से भैरूंदा की ओर जा रही टाटा मैजिक से 14नग सागोन की सिल्ली और वाहन को जब्त किया गया। वहीं मौके से वाहन चालक फरार हो गया, जिसकी तलाश जारी है।

## 14 करोड़ की लागत से ओवर ब्रिज का किया था निर्माण

# रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रिज होने के बाद भी रेल नियमों का हो रहा उल्लंघन

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर



कुबेरेश्वर धाम में इन दिनों रुद्राक्ष वितरण किए जा रहे हैं। ऐसे में रेल मार्ग से पूरे देशभर के अलग-अलग राज्यों से यहां पर बडी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। इसके साथ ही अन्य यात्रियों की भी आवाजाही बनी हुई है। इन दिनों रेलवे प्लेटफार्म सीहोर पर देखने में यह आ रहा है कि बड़ी संख्या में यात्री लोग रेल नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं।

रेल यात्री ट्रेनों से प्लेटफार्म पर उतरकर दूसरी और पैदलकर रेलवे लाइन क्रास करते हुए पहुंच रहे हैं। जिससे हादसे का खतरा बना हुआ है। जबकि रेलवे स्टेशन पर फुट ओवर ब्रीज भी बना हुआ है। इसका उपयोग न करते हुए अनेकों यात्रीगण रेलवे नियमों का पालन नहीं कर रहे। प्लेटफार्म पर अमृत भारत रेलवे स्टेशन योजना के तहत पुनर्विकास काम किए जा रहे हैं। जिसके तहत सर्कुलेटिंग एरिया, पार्किंग, रेलवे बिल्डिंग और साइनेज को अपग्रेड किया जाएगा। प्लेटफार्म नंबर 1 और 2 पर कवर शेड के साथ ही अनेकों निर्माण कार्य किए जाएंगे।

कई दिनों से प्लेटफार्म नंबर 1 बंद है। ऐसे में कई लोग टिकिट लेने और बाहर निकलने के लिए नियमों के वितरित रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं। इन दिनों प्रसिद्ध कथावाचक पंडित मिश्रा के कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण किए जा रहे हैं। जिसके कारण बडी संख्या में लोग सीहोर ट्रेनों से पहुंच रहे हैं। अब देखने में यह आ रहा है खुद को खतरे में डालकर रेलवे ट्रैक पार कर रहे हैं। सैकड़ों यात्री झुंड में इन पटरियों पर से निकलते दिखाई दे रहे हैं।

सीहोर स्टेशन पर बडी संख्या में रेले निकलती हैं जिसमें से अधिकांश रेलों का स्टापेज यहां नहीं है। जो तेज रफ्तार से गुजर जाती है। ऐसे में हादसे का खतरा और भी बढ जाता है। जबकि जिम्मेदार इस और ध्यान नहीं दे रहे। देवेश गोलाने, टीआई रेलवे थाना के अनुसार रेलवे प्लेटफार्म पर अभी निर्माण काम चल रहा है। इसके साथ ही कुबेरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण के कारण भीड़ बढ़ गई है। यात्री लोग अव्यवस्थित तरीके से निकलते हैं जवान तैनात रहते हैं समझाते भी हैं लेकिन भीड़ कुछ ज्यादा आ रही है। जवान संख्या और भी बढाई जाएगी।

## थ्री लेयर सुरक्षा घेरे में ईवीएम: सीआरपीएफ के साथ एसएएफ और जिला पुलिस बल के जवान भी तैनात



**सीहोर।** मतदान के बाद ईवीएम को महिला पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के स्ट्रांग रुम में रखा गया है। मशीनों के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। जिसमें सीआरपीएफ, एसएएफ और जिला पुलिस बल के जवान तैनात किए गए हैं। जो चौबीसों घंटे स्ट्रांग रूम की पहरेदारी कर रहे हैं।

लोकसभा के चुनाव जिले में तीसरे और चौथे चरण में कराए गए थे जिसमें भोपाल लोकसभा सीट में जिले की सीहोर सीहोर विधानसभा शामिल है एवं विदिशा लोकसभा क्षेत्र में बुधनी और इछावर आते हैं जिनकी वोटिंग 7 मई को हुई थी। वहीं देवास लोकसभा सीट में जिले की आष्टा विधानसभा सीट शामिल है। जिसके लिए चौथे चरण में 13 मई को मतदान हुआ था। ईवीएम मशीने महिला पॉलिटेक्निक कालेज के स्ट्रांग रूम में रखी गई हैं।

ईवीएम सुरक्षा को लेकर बनाए गए स्ट्रांग रूम में तीन लेअर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं, इसमें सीआरपीएफ की एक कंपनी, एसएएफ के 10 जवान, पुलिस बल के एक दर्जन जवान तैनात हैं, जो तीन पारियों में ड्यूटी कर रहे हैं। यहां पर 8 स्टोर रूम में 4 में ईवीएम 4 में दस्तावेज रखे हैं। प्रत्येक रूम में डबल लॉक किए गए हैं। 8 सीसीटीव्ही कैमरे निगरानी के लिए लगाए गए हैं। और 4 सीसीटीवी कैमरे गैलरी में लगाए गए हैं, एक कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसमें डिस्पले लगाई गई है। जिस पर स्ट्रांग रूम की स्थिति देखी जा सकती है। ईवीएम को स्टांग रूम में रखा गया है। जिसके बाद सील बंद किया गया है। यहां पर बैरिकेडिंग की गई है। गलियारे तक ही जिम्मेदार अफसर जा सकते हैं।

कलेक्टर प्रवीण सिंह प्रतिदिन सुरक्षा व्यवस्था का जायजा रहे हैं। यहां आने जाने वाले अफसर और जवान वीडियोग्राफी करते हैं। स्ट्रांग रूम में बिजली से कोई अप्रिय स्थिति न बने इसलिए बिजली भी बंद रहती है। कलेक्टर प्रवीण सिंह के अनुसार चुनाव आयोग के निर्देशों का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है। ईवीएम के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। प्रत्याशी और उनके अधिकृत एजेन्ट स्ट्रांग रूम की व्यवस्था देख सकते हैं। ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित हैं, काउटिंग के दिन स्ट्रांग रूम खोला जाएगा।

खबर संक्षेप



## भाव बढ़ने की उम्मीद में किसान कर रहे हैं प्याज का भंडारण

**सीहोर।** जिला जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बरखेड़ी आलमपुरा में प्याज की खुदाई व कटाई का काम लगभग पूरा हो चुका है, किसान अपने प्याज को खेतों से लाकर घर पर स्टोर कर रहे हैं ताकि बारिश के बाद मे आने वाले समय में प्याज का भाव बढ़ने पर अच्छा मुनाफा कमाया जा सके। बता दें कि अभी प्याज का भाव बाजार में 12 से 13 रुपए किलो तक बिक रहा है जो की किसानों को की लागत के अनुसार काफी कम है। ग्राम के किसान अर्जुन सिंह बरेला ने बताया कि अभी बाजार में प्याज की आवक अधिक है इसलिए प्याज का भाव कम है इस भाव में किसानों की लागत निकलना भी मुश्किल है इसलिए प्याज को अभी न बेचकर सितंबर अक्टूबर के माह में बेचने पर अच्छा भाव मिलने की उम्मीद की जा सकती है।

### आगजनी की बड़ी घटना होने पर आसपास की तहसीलों से बुलाई जाती है दमकल

# खस्ताहाल दमकल और अप्रशिक्षित स्टाफ के भरोसे है नगर व 120 गांवों की सुरक्षा

वर्तमान में नगर परिषद के पास जो एक दमकल है वह भी सालों पुरानी होने के कारण खस्ताहाल है। दलकल पर तैनात कर्मचारी अप्रशिक्षित और अपर्याप्त है।

हरिभूमि न्यूज ⏭इछावर

गर्मी बढ़ने के साथ ही क्षेत्र में आगजनी की घटनाएं भी बढ़ जाती हैं। आग पर काबू पाने के लिए नगर परिषद के पास महज एक दमकल है। वह भी खस्ताहाल है। जबकि इस दमकल पर नगर सहित क्षेत्र के 120 से अधिक गांव का भार है। ऐसे में यदि कोई बड़ी आगजनी या फिर दो जगहों पर एक साथ घटनाएं हो जाएं तो यह आग बुझाने में नाकाफी साबित होती है। लेकिन नपं ने अभी तक नई दमकल गाड़ी खरीदनें के लिए कोई कार्ययोजना नही बनाई है। गौरतलब है कि नगरीय क्षेत्र एवं तहसील क्षेत्र के करीब 120 से अधिक गांवो की सुरक्षा को लेकर महज एक दमकल गाड़ी है। क्षेत्र में कही भी आगजनी की बड़ी घटना होती है तो आग बुझाने के लिए आसपास तहसीलों से दमकल गाड़ियों को प्रशासन द्वारा बुलाया जाता है। हालही में कांकरखेड़ा स्थित प्रोटीन फैक्ट्री के भूसा भंडारण में आग लगी तो सीहोर आष्टा, जावर, भैरूंदा आदि शहरों से दमकल वाहनों को बुलाना पड़ा था। तब की आग पर नियंत्रण पाया जा सका।

### नगर को 3 दमकल की है दरकार

नगर के कमल सेन, सुनील यादव, अखिलेश वर्मा ने बताया कि क्षेत्र की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन के पास लगभग 3 बड़ी दमकल और प्रशिक्षित स्टाफ होना चाहिए। अभी जो एक दमकल है वह तहसील क्षेत्र के हिसाब से आग पर नियंत्रण करने में नाकाफी है। वहीं स्टाफ भी प्रशिक्षित नहीं है। आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए प्रशासन को तत्काल दो नई दमकलों को क्रय करना चाहिएं। दो दमकलों को रिजर्व में रखना चाहिएं , जिन्हें आपात स्थिति में उपयोग किया जा सकें । किसान रामभरोस ने बताया कि पूर्व में आगजनी को लेकर कई घटनाएं हो चुकी हैं। जिसमें घर ग्रहस्थी का सामान व उपज जलकर खांक हो चुकी है। इसलिए जरूरी है कि प्रशासन को लगभग 3 बड़ी दमकल क्रय करना चाहिएं, जिससे की कोई भी आगजनी की घटना पर तत्काल नियंत्रण पाया जा सके।

### गर्मी में खेत, खलिहान या घर में आग लगने की घटना होती है

गर्मी के मौसम में जब भी खेत, खलिहान या घर में आग लगने की घटना होती है तो आग को बुझाने में अभाव नजर आता है।




तहसील क्षेत्र की 77 ग्रापं के करीब 120 से अधिक गांवों में आग बुझाने का अभाव है। वर्तमान में नगर परिषद के पास जो एक दमकल है वह भी सालों पुरानी होने के कारण खस्ताहाल है। दलकल पर तैनात कर्मचारी अप्रशिक्षित और अपर्याप्त है। इसके अलावा इनके इनके पास सुरक्षा के पर्याप्त उपकरण भी नहीं है। उपलब्ध संसाधनों में ही कर्मचारियों को आगजनी पर काबू पाने के प्रयास करना पड़ता है।

### नहीं है फायर स्टेशन


दमकल गाड़ी के लिए नगर में फायर स्टेशन नहीं है। स्टेशन के अभाव में दमकल गाड़ी थाना परिसर में खड़ी रहती है। कर्मचारियों को खुले आसमान के नीचे अथवा पेड़ों की छाया में बैठना पड़ता है।

**प्रस्ताव भेजा जा रहा है**

यह सच है कि आगजनी की घटनाओं पर नियंत्रण पाने के लिए हमारे पास पर्याप्त संसाधन और उपकरण नहीं है। एक दमकल गाड़ी है स्टाफ उसी से आग बुझाने का हर संभव प्रयास करता है। वैसे एक अतिरिक्त दमकल वाहन खरीदने के लिए प्रस्ताव भेजा जा रहा है।

**धरमराज यादव,** सीएमओ नपं

### बढ़चढ़कर मतदान कराए जाने पर चुनाव आयोग के अधिकारियों का किया सम्मान



**सीहोर।** समाजसेवी व किसान एसम मेवाड़ा ग्राम चंदेरी के साथ में ग्राम रामाखेड़ी के मोतीलाल मेवाड़ा घीसीलाल, राम सिंह, गोवर्धन, ग्राम कचनारिया से राकेश हाड़ा, ग्राम छापरी कल के सोहनलाल सहित बड़ी संख्या में किसान भोपाल पहुंचे एवं मुख्य चुनाव आयुक्त कार्यालय पहुंचकर मुख्य चुनाव आयुक्त अनुपम राजन एवं अतिरिक्त चुनाव आयोग राजेश कोल को खेती किसानी का काम करने वाला लकड़ी का हल भेंट कर सम्मान किया एवं पुष्पमाला व साफा बांधकर सम्मान किया। मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा भी समाज सेवी एम.एस.मेवाड़ा एवं ग्रामीण किसानों पुष्पहारों से सम्मान किया गया। मध्यप्रदेश के चुनाव आयोग श्री अनुपम राजन द्वारा सीहोर जिला ग्राम चन्देरी के समाजसेवी व किसान एम.एस.मेवाड़ा सहित सभी किसानों का स्वागत कर धन्यवाद व्यक्त किया।

ज्ञातव्य है कि मध्य प्रदेश में शांतिपूर्वक मतदान होने की खुशी में एवं सीहोर जिला मतदान प्रतिशत में नंबर वन बनने पर किसानों द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त मध्यप्रदेश जिला कलेक्टर सीहोर एवं अन्य अधिकारियों का स्वागत सम्मान किया गया। समाजसेवी मेवाड़ा द्वारा विगत 15 दिनों से गांव-गांव में बैलगाड़ी से रैली निकालकर ढोल मंजिरा पर गीत गाते हुए ग्रामीण जनता महिलाओं, युवाओं को मतदान करने हेतु जागरूक किया जा रहा था। इस मौके पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु ग्राम बिलकिसगंज में मध्यप्रदेश चुनाव आयुक्त अनुपम राजन व जिला कलेक्टर प्रवीण सिंह द्वारा ट्रेक्टर रैली निकाल कर अनोखे तरीके से अभियान चला कर मतदान करने का आग्रह किया गया था। कहीं दूल्हें सहित बारातियों को मतदान करने का आग्रह किया गया था। इसी का परिणाम है कि सीहोर जिला सहित मध्य प्रदेश में मतदान नम्बर वन पर रहा है।

## राजा बली का घमंड तोड़ने भगवान ने लिया वामन अवतार:रविशंकर तिवारी

**सीहोर।** कस्बा स्थित नृसिंह मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवात कथा के चौथे दिन शनिवार को भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी ने श्रद्धालुओं के समक्ष समुद्र मंथन कथा सुनाते हुए कहा कि समुद्र मंथन से निकले जहर को संसार के कल्याण के लिए भगवान शंकर ने कंठ में धारण कर लिया था और भक्तों को असुर प्रवृत्ति से बचाने के लिए समुद्र मंथन के समय भगवान नारायण ने मोहिनी रूप तक रख लिया था। देवताओं की लाईन में लगकर अमृत को असुर पीकर भाग गया था इसी कारण देवासुर संग्राम हो गया था।

तिवारी ने कहा कि समुद्र मंथन के समय ही भगवान ने कक्षव अवतार लिया था। मंथन से ही भगवान धनवंत्री का जन्म हुआ था। देत्यराज बली ने ब्राहम्णों की सेवा कर स्वर्ग विजयश्री का आशीर्वाद प्राप्त कर लिया था तीनों लोकों पर बली का राज हो गया था तब भगवान ने वामन अवतार लेकर राजाबली के घमंड को तोड़ दिया था। भगवान ने गजेंद्र हाथी को भी मोक्ष दे दिया था। श्रीमद भागवात कथा के दौरान पंडित तिवारी ने कहा कि जब देवताओं और दानवों ने मिलकर समृद्र मंथन किया तो सबसे पहले जहर निकला इस जहर को धारण करने के लिए कोई तैयार नही हुआ तब भगवान नारायण भोलेनाथ के पास पहुंचे और इस समस्या का हल निकालने के लिए कहा तब शंकर ने जहर पीने के लिए पार्वती से स्वीकृति मांगी संसार के कल्याण के लिए माता पार्वती ने जहर पीने की आज्ञा दी, तब शंकर भगवान ने अपने अंदर देखा तो भगवान श्रीराम विराजमान थे अब अगर भगवान शंकर जहर निगलते है तो श्रीरामजी को कष्ट होगा और नहीं निगलते है तो संसार को कष्ट होगा इस लिया शंकर ने जहर अपने कंठ में ही धारण कर लिए तब से भगवान को नीलकंठेश्वर महादेव भी कहा जाने लगा। श्रीमद भागवत कथा के दौरान भागवत भूषण पं रविशंकर तिवारी के द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई।




कथा में महिलाएं पीली साड़ी पहनकर सम्मिलित हुई। पंडित हरीश तिवारी के सानिध्य में मुख्य यजमान और श्रद्धालुओं के द्वारा भागवतजी की आरती की गई। शनिवार रात को नृसिंह जयंती महोत्सव अंतर्गत सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन सम्मिलित हुए।

## रुद्राक्ष लेने 50 हजार से अधिक श्रद्धालु पहुंचे, भोजन पंडाल में लगी लंबी कतारें



**सीहोर।** जिले के गुड़भेला अंतर्गत आने वाले कुबेरेश्वर धाम में चल रहे रुद्राक्ष वितरण में रविवार को हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हैं। रुद्राक्ष लेने के लिए यहां पर लंबी लाइनें लगी रहीं। बताया जा रहा है कि अभी तक 50 हजार से अधिक श्रद्धालु रुद्राक्ष लेने आए हुए हैं। जैसे-जैसे दिन बढ़ता गया है इन श्रद्धालुओं की संख्या में भी इजाफा होता रहा है। प्रबंधन की ओर से जहां पर भोजन की व्यवस्था भी जा रही है उधर भी लंबी लाइनों में लगकर श्रद्धालु अपनी बारी आने का इंतजार करते रहे।

## महिलाओं को मुफ्त सैनिटरी पैड दिए जाने की मांग को लेकर साइकिल यात्रा कर सीहोर पहुंचे पेडमेन सुरेंद्र बामने




**भैरुंदा।** महिलाओं को मुफ्त में सैनिटरी पैड दिए जाने की मांग को लेकर नर्मदापुरम से 6दिसंबर 2023 को साइकिल यात्रा शुरू की गई। अभी तक कई अलग अलग जिले में यह साइकिल यात्रा पहुंची है। मध्यप्रदेश की महिलाओं को नि.शुल्क रूप से सैनिटरी पैड दिए जाने की मांग को लेकर के नर्मदापुरम निवासी सुरेंद्र बामने बीते कई दिनों से अलग अलग जिलों में साइकिल से प्रदेश की यात्रा कर रहे हैं। साइकिल से वह यात्रा करते हुए इसके लिए महिलाओ और लोगों को जागरुक करने का प्रयास कर रहे हैं। इसके साथ ही प्रत्येक जिले के कलेक्टर कार्यालय में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपते हुए इस मांग को संज्ञान में लेने की मांग कर रहे हैं। नर्मदापुरम के रहने वाले सुरेंद्र बामने सीहोर जिले के भैरूंदा पहुंचे।

**कौन हैं पैडमेन सुरेन्द्र बामने:** नर्मदापुरम के केसला ब्लॉक के ग्राम अमराई के रहने वाले हैं सुरेन्द्र बामने. सुरेन्द्र के पिता मजदूरी करते हैं और मां नहीं हैं.वहीं वे दर्शनशास्त्र से एमए कर रहे हैं. सुरेन्द्र बामने महिलाओं को उनके अधिकारों ओर उनसे जुड़े विषयों को लेकर जागरूक करने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश के सभी जिले के लिए साइकिल यात्रा पर निकले हैं. सुरेन्द्र ने 6 दिसंबर 2023 को नर्मदापुरम से साइकिल यात्रा की शुरुआत की थी और 136वें दिन सीहोर जिले के भैरूंदा पहुंचे।

वह बीते कई दिनों से प्रदेश के विभिन्न जिलों की यात्रा करते हुए महिलाओं को निशुल्क रूप से सैनिटरी पैड दिए जाने की मांग को लेकर पूरे प्रदेश की साइकिल यात्रा कर रहे हैं। अभी तक सुरेंद्र ने साइकिल से 136दिनो में 7450 किलोमीटर की यात्रा प्रदेश में की है।

सुरेंद्र ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में महिलाओं को माहवारी के दौरान सैनिटरी पैड न मिल पाने की वजह से गंदा कपड़ा उपयोग करने से सर्वाइकल कैंसर हो जाने की वजह से उनकी मौत हो जाती है, जिनकी संख्या लाखों में है और इसी परेशानी को देखकर उन्होंने प्रदेश स्तरीय यह यात्रा प्रारंभ की है।

**यात्रा के दौरान ट्रेन में परेशान युवती की मदद करने के बाद मिली प्रेरणा :** सुरेंद्र ने बताया कि वह मुंबई की यात्रा कर रहे थे। इसी दौरान ट्रेन में उन्होंने एक युवती को माहवारी से परेशान देखा, जिसकी उन्होंने मदद की। इसके बाद से ही उनके मन में यह विचार आया और इसको लेकर के उन्होंने मध्यप्रदेश में इस समस्या से जूझ रही महिलाओं तथा किशोरियों की सहायता करने के लिए यह साइकिल यात्रा अभियान प्रारंभ की।

**युवाओं ने पेड़मेन का जोरदार स्वागत किया :** भैरूंदा नगर आगमन पर दुर्गा मंदिर चौराहे पर नगर के युवाओं ने सुरेंद्र बामने साइकिल यात्रा कर रहे पैडमैन का पुष्प फूलो की माला पहना कर एवं मिठाई खिलाकर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में मुख्य रूप से संतोष गौर, पुष्पेंद्र सिंह पैठारी, जितेंद्र धवन, विवेक दोगने, राहुल पैठारी, रोहित दोगने, राहुल बाकरिया, रोहित दोगने, कपिल पैठारी, इंद्रजीत पैठारी, धीरज बकोरिया सहित युवाओं ने स्वागत किया सुरेंद्र बामने पैडमैन को स्वल्पाहार कराया गया

## राय साहब भंवर सिंह पब्लिक स्कूल का शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम

**भैरुंदा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा 10वीं व 12वीं की परीक्षा के परिणाम घोषित किए गए हैं। संस्था के विद्यार्थियों ने अपने प्रदर्शन में शानदार उत्कृष्टता प्रकट की हैं।

दसवीं कक्षा में शर्मा ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि श्रेयांशी पवार ने 91.1प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया व आंचल राजपूत 89प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही।कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम भी बेहद प्रशंसनीय रहा हैं। गणित संकाय में पलक पाराशर ने 92.2प्रतिशत अंक, ऋषि यादव ने 91.2प्रतिशत अंक व प्रियांशी पवार ने 87.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। कला संकाय में भूमिका मालवीय ने 94प्रतिशत अंक, सिया पवार ने 91प्रतिशत अंक व इल्मा खान ने 89प्रतिशत अंक प्राप्त किए। जीव विज्ञान संकाय में अंशिका चौहान ने 84.6प्रतिशत अंक, खुशी चौहान ने 77.4प्रतिशत अंक व केशव कंसल ने 76.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय के गौरव को बढ़ाया है। वाणिज्य संकाय में आदिति जैन ने 93.8 प्रतिशत अंक, केशव यादव ने 91.8 प्रतिशत अंक व नेहल माहेश्वरी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। संस्था के संचालक डॉ. नरेंद्र सिंह भाटी, प्राचार्य एमजी शिबू पिल्लई एवं उप प्राचार्य आरएस पवार जी ने विद्यार्थियों की मेहनत, उत्साह और शिक्षकों के प्रशिक्षण की सराहना करते हुए, विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की गई।





### हैरतअंगेज करतब दिखाने वाले सुल्तान बंजारा का ब्राह्मण समाज ने किया सम्मान

# सुल्तान बंजारा बालों से ट्रक खींचेंगे, रसोई गैस सिलेंडर बांधकर घुमाएंगे और पलकों से पत्थर भी उठाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭सीहोर

पूरे देश में एक से एक हैरत अंगेज करबत दिखाने वाले सुल्तान बंजारा अब शहर में भी अपने करिश्मे से क्षेत्रवासियों को रोमांचित करने वाले है। शहर के नमक चौराहे पर ब्राह्मण समाज की ओर से सुमित भानु उपाध्याय के नेतृत्व में एक भव्य शो का आयोजन होने वाला है। इसके लिए सोमवार को बैठक का आयोजन किया जाएगा। जिला संस्कार मंच के संयोजक मनोज दीक्षित मामा ने बताया कि दुनिया में बहुत से स्टंटमैन है और एक से बढ़कर एक करतब दिखाते हैं, लेकिन शहर में अपने ग्रुप और परिवार के साथ आए सुल्तान बंजारा किसी पहचान के मोहताज नहीं है। वह ऐसे महाबली है जो बालों से ट्रक खींचना, यही नहीं दो रसोई गैस के सिलेंडरों को बालों में बांधकर घुमाना, अपने ऊपर से रोलर को निकाल देना, यह कोई सर्कस नहीं है, यह हकीकत है, जो यह हैरतअंगेज करतब दिखाता है। इसके अलावा यह शख्स अपनी आंख की पलकों से भारी-भरकम पत्थर उठाने के अलावा रोलर का पहिया अपने शरीर से निकलने, 10 किलो का पत्थर अपनी कोहनी से तोडन्ना आदि स्टंट करते हुए आ रहे है और शीघ्र ही आपके शहर में इनका कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। मोबाइल पर अपने स्टंट के वीडियो दिखाते हुए बंजारा ने बताया कि वह 13 लोगों के ऊपर से जंप करते है और 12 फीट की लाठी पर एक पैर के बल चलते है। इस स्टंट को देखकर को देखकर आप अपने आखों पर भरोसा नहीं कर पाएंगे कि क्या कोई शख्स ऐसे स्टंट भी कर सकता है। उन्होंने बताया कि आगामी एक मई को इनका एक कार्यक्रम नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर के द्वारा भी भव्य रूप से किया जाएगा। नासिक से आए है और इसका नाम है सैयद रसीद सुल्तान बंजारा है। बताते हैं कि वे लोग कई वर्षों से ऐसे करतब दिखाते आ रहे हैं और यह कोई रोजीरोटी का जरिया के साथ अपनी कला का प्रदर्शन के अलावा मनोरंजन के लिए ये करतब दिखाते हैं। इसके एवज में जो भी कुछ मिल जाता है, उससे उनका खर्च निकल आता है।



## कृषकों के लिए अल्पकालीन फसल ऋण की देने की तिथि अब 31 मई तक

**सीहोर।** राज्य शासन ने केवल उपार्जन से संबंधित कृषकों के लिए खरीद 2023 सीजन में वितरित किए गए अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि बढ़ाकर 31 मई 2024 नियत की है। पहले यह तिथि 30 अप्रैल निर्धारित थी।सरकारी बैंकों के माध्यम से कृषकों को अल्पकालीन ऋण पर ब्याज अनुदान योजना अंतर्गत वर्ष 2023-24 में शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर किसानों को अल्पावधि फसल ऋण दिये जाने की योजना निरन्तरता के संबंध में भी निर्देश जारी किये गये हैं। योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन में वितरित अल्पकालीन फसल ऋण की देय तिथि (डयू डेट) 28 मार्च, 2024 को बढ़ाकर 30 अप्रैल, 2024 करने के आदेश सहकारिता विभाग ने प्रसारित किये हैं। किसानों को उपार्जित फसल की देय राशि प्राप्त होने में तकनीकी आदि कारणों से विलंब को दृष्टिगत रखते हुए राज्य शासन द्वारा निर्णय लिया गया है कि केवल ऐसे कृषकों जिनके द्वारा निर्धारित डयू डेट 30 अप्रैल, 2024 तक समर्थन मूल्य पर अपने विभिन्न फसलों जैसे - गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि का विक्रय किया गया है एवं उन्हें उनके उपज विक्रय की राशि का भुगतान प्राप्त नहीं हुआ है तथा उपार्जन की निर्धारित अंतिम तिथि तक उक्त फसलों का विक्रय करने वाले शेष किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर योजनान्तर्गत खरीफ 2023 सीजन की निर्धारित डयू डेट 31 मई 2024 किया जाएगा।

राजस्थान से आए थे चारों बदमाश, पुलिस खंगाल रही सीसीटीवी, लोगों से कर रही पूछताछ

# अपहरण का प्रयास असफल, जब युवक नहीं रुका तो बदमाशों ने की फायरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा-खिलचीपुर

पुराने विवाद भी कब हमले की शक्ल में बाहर आ जाएं यह आजकल के समय में यह कहना मुश्किल है। खिलचीपुर में शुक्रवार रात को हुई घटना इसका उदाहरण है। जिसमें एक परिवार के लोगों ने दूसरे परिवार के लड़के का अपहरण करने को प्रयास सिर्फ इसलिए किया की उनकी पुरानी रंजिश चली आ रही है। यह अलग बात है कि वह अपने इस प्रयास में सफल नहीं हो पाए तो तब उन्होंने खीजकर खिलचीपुर बस स्टैंड पर फायरिंग करने में भी देरी नहीं की। हालांकि वह अपराधी अपहरण के काम में सफल नहीं हो पाए और उन्हें वहां से भागना पड़ा। खिलचीपुर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी है। इसके लिए सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है।

## घटना से जुड़ा वीडियो आया सामने



खिलचीपुर में युवक का अपहरण करने आए 4 बदमाशों ने अपनी जान बचाकर भाग रहे युवक पर उस पर गोली चला दी जब वह बचाव में भाग रहा था। बस स्टैंड पर शुक्रवार रात 10 बजे के बाद घटित हुई इस घटना ने शहरवासियों को हतप्रद कर दिया। इस घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी वीडियो भी शनिवार को सामने आया है। जिसमें एक युवक भाग रहा है और दो युवक उसको पकड़ने के लिए उसका पीछा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि जब युवक नहीं रुका हो बदमाशों ने गोली चला दी थी। इस घटना के बाद पीड़ित युवक तौफीक खान की शिकायत पर पुलिस ने राजस्थान के छीपाबडौद में रहने वाले आरोपी निसाद खान और उसके 3 अन्य साथियों पर अपहरण का प्रयास और मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### 7 दिन पहले ही छीपाबडोद से खिलचीपुर आया था पीड़ित



प्राप्त जानकारी के अनुसार छीपाबडोद में रहने वाला उसका भानेज और पीड़ित तौफीक खान शादी के प्रोग्राम में शामिल होने खिलचीपुर आया था और वह यहां 7 दिनों से रुका हुआ था। शुक्रवार रात को वह बस स्टैंड पर घूमने गया था। इस दौरान रात जब वह पान खाने एक दुकान पर गया था। उस दौरान छीपाबड़ोदा के रहने वाला निसात खान अपने अन्य तीन साथियों के साथ बाइक से आया और मेरे भानेज पीडित तौफीक का अपहरण कर उसे ले जाने लगे जिससे उनके बीच खूब झूमाझटकी हुई। इसी दौरान तौफीक पुरानी नगर पंचायत भवन की और भाग निकला तभी पीछाकर रहे बदमाशो ने गोली भी चलाई, जिनके बाद लाइब्रेरी के यहां पहुचा तो निसाद और उसके अन्य साथियों ने मेरे भानेज तौफीक को पकड़ लिया और उसके साथ मारपीट करने लगे। तभी मेरे एक और भानेज अरबाज शोर मचाते हुए वहां आ गया। उसकी आवाज सुनकर आसपास लोग मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद मेरे भानेज का अपहरण करने आए निसाद और उसके अन्य साथी वहां से भाग निकले। और भागते हुए मेरा भानेज तौफीक घर आया और उसने पूरी घटना के बारे में मुझे बताया जिसके बाद में और मेरे परिवार के लोगों तौफीक को लेकर खिलचीपुर थाने पहुंचे और निसाद और उसके अन्य साथियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई।

### गोली चलने के बाद बाजार हुआ बंद

जैसे ही गोली चलने की बात दुकानदारों एवं बाजार में फैली वैसे ही दुकानदारों एवं आसपास के लोगों ने दुकाने बंद कर ली एवं घर के दरवाजे भी बंद हो गए। पीड़ित तौफीक की शिकायत पर अपहरण करने आए निसात व अन्य तीन पर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है। आगे की जांच में पुलिस ने रविवार को घटना स्थल पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की जांच करना शुरू कर दी है और पूछताछ भी की जा रही है। टीआई का कहना है की जल्दी ही हम बदमाशों को गिरफ्तार करेंगे।

वॉल्व ऑपरेटरों की समस्या सुनकर दिए निर्देश

# अवैध नल कनेक्शन और पाइप लाइन तोड़ने वालों पर होगी एफआईआर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

गोरखपुरा स्थित डब्ल्यूटी प्लांट पर बुधवार को महाप्रबंधक जल निगम ने स्कीम के इंजीनियर्स, स्टाफ और ऑपरेटर्स की आपात बैठक ली। उन्होंने कहा कि गर्मियों में जल सप्लाई व्यवस्था हर हाल में सुचारू बनाए रखने में बाधा डालने वालों के खिलाफ एफआईआर के निर्देश दिए। बैठक का आयोजन सुबह वाटर फिल्टर प्लांट स्थित सभागार में किया गया। इसमें महाप्रबंधक मप्र जल निगम एसके जैन के अलावा डीजीएम अरविंद धाकड़, सीपी मैनेजर श्वेता एफ्राम सहित असिस्टेंट इंजीनियर, फील्ड इंजीनियर, सुपरवाइजर सहित ग्रामों में तैनात स्टाफ शामिल हुआ। इस दौरान जीएम जैन ने कहा कि हमें हर हाल में योजना के सभी ग्रामों में रोजाना जल सप्लाई करना है। इसमें रोड़ा अटकाने वालों पर तुरंत एफआईआर दर्ज कराएं।

### ऑपरेटर्स ने बताई फील्ड की समस्याएं

बैठक में पहुंचे 58 गांवों के वॉल्व ऑपरेटरों ने बताया कि गांव में अवैध कनेक्शनों के कारण दूसरे नलों में प्रेशर से जल सप्लाई नहीं हो रहा। साथ ही कई गांवों में ग्रामीणों द्वारा जेसीबी या अन्य वाहनों से लगातार पाइप लाइन तोड़ने के कारण सप्लाई में दिक्कत की बात भी सामने आई।

### इनका कहना है...

गोरखपुरा परियोजना के सभी 156 गांवों में जल सप्लाई सुचारू की जा रही है। कुछ गांवों में जल बार बार जल सप्लाई बाधित करने और पानी के दुरुपयोग की समस्या सामने आ रही है। इनके खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

**एसके जैन, महाप्रबंधक मप्र जल निगम, पीआईयू राजगढ़**

जिले में हो रही कटौती से परेशान हैं आमजन, कोई सुध लेने वाला नहीं

# भीषण गर्मी में लगातार 3 दिन से 6 घंटे रख रखाव के लिए बिजली कटौती की जा रही



हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

मलावर में 17 तारीख से लगातार तीन दिन तक भीषण गर्मी में 43 डिग्री लगभग तापमान में 6 घंटे से अधिक बिजली कटौती की जा रही है, जिससे जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो रहा है। बुजुर्ग और छोटे बच्चों के लिए बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ में पेजयल की भी परेशानी आ रही है साथ में मलावर क्षेत्र सहित आस-पास के गांव में भी कठौती की जा रही है जनपद सदस्य प्रतिनिधि विष्णु गुर्जर, युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष सुनील सुमन, वरिष्ठ समाजसेवी शिवदयाल गुप्ता ने विद्युत वितरण कंपनी से माँग कि है कि विद्युत कटौती कम समय के लिए करें, ताकि लोग समस्याओं का सामना करने में कोई परेशान ना हो।

### यही हाल है जीरापुर का

नगर जीरापुर का भी यही हाल है जहां पर सुबह से ही अघोषित कटौती शुरू होती है तो कितनी बार होगी इसकी कोई गिनती नहीं होती है ऐसे में आमजन जीवन अस्तव्यस्त हो रहा है। कहीं कोई जानकारी दिए बिना अधोषित कटौती से लोग परेशान हो गए हैं।

दुर्घटनाओं के बारे में समझाकर दोबारा इस तरह यात्रा नहीं करने का दिया संदेश

# पुलिस ने लोडिंग वाहनों से सवारी उतार कर दी समझाइश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



पुलिस अधीक्षक एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए सतत समझाइश दी जा रही है। इस दौरान लोडिंग वाहन, पिकअप एवं ट्रैक्टर्स में सवारी ढोने वालों को सड़क दुर्घटना के दौरान होने वाले शारीरिक एवं आर्थिक क्षति के बारे में भी अवगत कराया जा रहा है। पिकअप में सवार जनता को उतार कर, अपने जीवन के साथ खिलवाड़ ना करने की अपील की गई। आमजन द्वारा यदा-कदा अपनी जान जोखिम में डालकर सफर करने की घटनाएं देखने को मिलती रहती हैं वहीं जिले के ग्रामीण अंचलों से कई ग्रामवासी छोटे वाहन जैसे ऑटो, डुग्गा, पिकअप सहित बड़े वाहन जैसे ट्रैक्टर ट्रॉली एवं आयशर ट्रकों में सवारी बैठकर एवं आजू-बाजू लटक कर सफर करते हैं, जिससे गंभीर दुघर्टना घटित होने की संभावना बनी रहती है।

वाहन चेकिंग के दौरान हाईवे पर पिकअप वाहन से सवारी ढोते पाए जाने पर वाहन को रोककर वाहन चालक एवं सवारियों को समझाईश दी गई साथ में पिकअप में सवार सवारियों को अन्य पैसेंजर वाहन के माध्यम से गंतव्य स्थान पर जाने की समझाया गया।

### शराबी चालक को न्यायालय ने 11 हजार रुपए से दंडित किया

शराब के नशे में लोडिंग वाहन को चलते पाए जाने पर वाहन चेकिंग के दौरान थाना यातायात पुलिस द्वारा प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया गया। जहां पर चालक को न्यायालय द्वारा 11 हजार के अर्थ दंड से दंडित किया गया।

# हज पर जाने वालों के लिए ट्रेनिंग कैंप व टीकाकरण का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा





इस साल हज की यात्रा करने वालों की सुरक्षा के लिए ट्रेनिंग कैंप एवं टीकाकरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिले भर के हज करने वालों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। ब्यावरा के राजमैरिज गार्डन में शनिवार को आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण केंप मे हज मे बरती जाने वाली सावधानियां एवं हज पर किये जाने वाले अरकान के बारे में विस्तार से ट्रेनिंग द्वारा समझाया गया।

मदीना शरीफ से लौट कर आये हाजी मोहम्मद हनीफ खान जिला अंजुमन सदर राजगढ़ एवं अन्य हाजीयों द्वारा ट्रेनिंग दी गई। यह कि इस ट्रेनिंग केम्प मे हज पर जाने वाले समस्त राजगढ जिले के हाजी साहेबान पहुंचे एवं ट्रेनिंग प्राप्त कर वैक्सीनेशन भी कराया। ख्वातीन (महिलाओं) के लिये भी अलग से व्यवस्था की गई थी।

तथा हज यात्रियों का टीकाकरण भी मेडिकल एक्सपर्ट डॉक्टर जलालुद्दीन एवं उनके सहयोगी डॉक्टरों द्वारा किया गया। ट्रेनिंग केम्प के आयोजक अब्दुल खुर्शीद खान एडव्होकेट ने बताया कि राजगढ़ जिले के सभी क्षेत्र से आए हुए हाजी साहब बानो ने यहां पर पहुंचकर ट्रेनिंग प्राप्त की एवं टीकाकरण में हिस्सा लिया साथ ही खुर्शीद ने बताया कि यहां पर लग भग 190 लोगों ने ट्रेनिंग प्राप्त की एवं टीकाकरण कराया साथ ही जिले के अलग-अलग शहर एवं ग्रामीणों से आए हुए सभी हाजी साहब वालों का सुबह नाश्ता एवं ट्रेनिंग के साथ उनको भोजन की व्यवस्था भी रखी गई थी 18 मई 2024 को सुबह 8 बजे से ट्रेनिंग केम्प राजमेरिज गार्डन मोती मस्जिद के सामने काजीवाला बाग ब्यावरा मे आयोजित हुआ जो शाम 5 बजे तक चलता रहा। इस ट्रेनिंग कैंप में हज पर जाने वाले हाजी साहेबानो का स्वागत भी किया गया। इस मौके पर आयोजन करता एडवोकेट अब्दुल खुर्शीद खान राजगढ़ जिला अंजुमन सदर मोहम्मद हनीफ खान ब्यावरा सदर मोहम्मद शमीम अहमद एवं पूर्व जमा मस्जिद सदर मुशीर खान फिरोज लाल, आमीन खान ,आशिक मंसूरी गल्ला वाले, एडवोकेट मुजीब खान, हाफिज फारूक खान शाहित जिले के समस्त लोगों ने चढ़ बढ़कर हिस्सा लिया।

# जिले के खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच और नमूना संग्रहण की कार्रवाई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶गुना



कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह निर्देशानुसार एवं डॉ राजकुमार ऋषिश्वर अभिहित अधिकारी, खाद्य सुरक्षा प्रशासन, जिला गुना के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य विभाग की जांच टीम द्वारा इण्डस्ट्रीयल एरिया गुना स्थित आइसवैली पानी की फैक्टरी से पानी पाउच एवं पानी बॉटल पैकेज ड्रिंकिंग वॉटर के नमूने लिये गये। विभाग द्वारा गर्मी के सीजन में स्ट्रीट फूड वेन्डरों द्वारा बैचे जाने वाली खाद्य सामग्री की गुणवत्ता जाँच हेतु टिकिया झोल, हरी चटनी, मीठी चटनी, आलू टिक्की के सैम्पल लिये गये एवं होटल, रेस्टोरेंट पर बैचे जाने वाली खाद्य सामग्री के सैम्पल गुणवत्ता परीक्षण हेतु संग्रहित किये गये। जिनमें शर्मा डेयरी, वन्दना स्कूल के पास, ए.बी. रोड़ गुना से दूध, मावा, पनीर, घी, अन्नपूर्णा चाट भण्डार लक्ष्मीगंज, शास्त्रीपार्क, गुना से चटनी एवं आलू टिक्की, महाकाल किराना एण्ड डेयरी से दूध, दही, घी, लस्सी, जैन फूड प्लाजा, तेलघानी, ए.बी. रोड़, गुना से शाही पनीर की सब्जी, मटर पनीर की सब्जी, दाल एवं प्याज टमाटर की ग्रेवी के नमूने, महाकाल चाट भण्डार तेलघानी से चटनी, आलू की सब्जी, धनिया पाउडर एवं मिर्ची पाउडर के नमूने जांच हेतु संग्रहित कर राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला को भेजे गये हैं। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। कलेक्टर डॉ. सतेन्द्र सिंह के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा जिले में खाद्य प्रतिष्ठानों की निरंतर जांच एवं नमूना कार्यवाही जारी है।

शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में होंगे सम्मिलित, श्यामपुर में होगा वर्ग

# प्रखंड नरसिंहगढ़ से 30 प्रतिक्षार्थियों का दल रवाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶नरसिंहगढ़




विश्व हिंदू परिषद की युवा इकाई बजरंग दल मध्य भारत प्रांत शौर्य प्रशिक्षण वर्ग में सम्मिलित होने के लिए प्रखंड नरसिंहगढ़ से 30 प्रतिक्षार्थियों का दल रवाना हुआ। इस वर्ष मध्य भारत प्रांत का प्रशिक्षण वर्ग सीहोर जिला के श्यामपुर में हो रहा है।

विश्व हिंदू परिषद प्रखंड अध्यक्ष शिरीष उपाध्याय ने बताया अनुशासित जीवन तथा राष्ट्र की सेवा सुरक्षा एवं धार्मिक संस्कारों की सर्वोच्चता के निमित्त आयोजित 7 दिवसीय वार्षिक वर्ग प्रशिक्षण में 32 जिलों के सैकड़ो युवा प्रशिक्षित होकर अपने-अपने क्षेत्र में धर्म तथा राष्ट्रीय के पुनीत कार्यों में अपना पूर्ण योगदान देने को संकल्पित होकर लौटेंगे। प्रखंड मंत्री उदय मीणा ने बताया कि देश के अंदर देश विरोधी तकत पनप रही है। उन्हें उनकी ही भाषा में किस प्रकार से जवाब दिया जा सके इसलिए बजरंग दल अपने कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करता है और यही कार्य करता राष्ट्र की सेवा धर्म की रक्षा समाज की रक्षा मठ मंदिरों की रक्षा गो गंगा गीता की रक्षा लव जिहादियों से हिंदू बहनों की रक्षा करते हैं सेवा सुरक्षा और संस्कार का भाव लेकर राष्ट्रीय हित और आदर्श समाज की स्थापना करते हैं। श्री मारुति नंदन मंदिर परिषद में बजरंग के कार्यकर्ताओं का विश्व हिंदू परिषद पदाधिकारी द्वारा हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना कर सभी कार्यकर्ताओं का मंगल तिलक कर वैधानिक मंत्र उच्चारण के साथ पुष्प वर्षा कर की विदाई।

संस्कृत भारती ने प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किया, क्षेत्रीय पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया प्रारंभ

# 'संस्कृत माता-पिता की सेवा करना सिखाती है'

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर






संस्कृत भारती द्वारा आयोजित क्षेत्रीय संस्कृत प्रशिक्षण वर्ग को दीप प्रज्वलित कर राज्यमंत्री नारायण सिंह पवार तथा विधायक अमरसिंह यादव, क्षेत्रीय संयोजक भरत बैरागी मध्यभारत प्रांत के प्रांत संगठन मंत्री जगेश्वर पटले प्रांत उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पांडेय की अध्यक्षता में एवं प्रान्त सह समरसता प्रमुख लक्ष्मीनारायण चौहान, विभाग संघ चालक उदय सिंह चौहान, संस्कृत भारती जिलाध्यक्ष मोहन नागर, विभाग संयोजक नरवर पावर जिला मंत्री चन्दर सिंह तोमर जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण बैरागी संस्कृत भारती नगर अध्यक्ष सालगराम चौहान गांव सरपंच रामनारायण चौहान ने शनिवार को प्रशिक्षण वर्ग प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम राज्य मंत्री नारायण सिंह पवार ने संस्कृत में अपने उद्बोधन में देश के महत्व को समझाया। वहीं विधायक अमरसिंह यादव ने देश के बदलते हालत को सुधारने के संस्कृत के महत्व को समझाया। विभाग संघचालक उदयसिंह चौहान ने देश मे संस्कृत के बिना संस्कार व पाश्चात्य संस्कृति से देश में होने वाले नुकसान को बताया। वहीं क्षेत्रिय सर्योजक भरत बैरागी ने लार्ड डलहौजी के समय देश में 100 प्रतिशत शिक्षा थी किंतु उन्होंने देश की शिक्षा पद्धति को नष्ट करने व देश को गुरुकुलों को समाप्त किया। जिससे आज देश मे परिवार विघठित हो रहे हैं एक युग था जब राम अपने पिता की आज्ञा से 14 वर्ष के लिए बनवास गए थे, परन्तु आज माता पिता को अनाथ आश्रम में भेजा जा रहा है। संस्कृत मातापिता की सेवा सिखाती हैं व पाश्चात्य संस्कृति अनाथ आश्रम में भिजवाती हैं सभी वक्ताओं ने संस्कृत व संस्कृत भारती के महत्व को समझाया। प्रांत उपाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाण्डेय ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस वर्ग में मध्यभारत प्रांत, मालवा प्रांत, महाकोशल प्रांत, छत्तीसगढ़ प्रांत के प्रशिक्षणार्थी शामिल होंगे। वर्ग में व्याकरण, दैनिक जीवन भाषा व संस्कृत के कठिन बिंदुओं पर चर्चा कर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### आष्टा के तीन एडवोकेट नोटरी नियुक्त



**आष्टा।** आष्टा अभिभाषक संघ के सदस्य निलेश कुमार शर्मा, रामेश्वर धनगर व कुलदीप सिंह ठाकुर को सरकार द्वारा नोटरी के पद पर नियुक्त किया गया। तीनों अधिवक्ताओं की इस नियुक्ति पर क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाडा, ललित नागोरी,अखंड ब्राह्मण समाज आष्टा के अध्यक्ष मनीष पालीवाल, राजेश शर्मा, दिनेश शर्मा पत्रकार, नवीन शर्मा, नीलू दीक्षित, गणेश दुबे, सुधीर पाठक, नगीन चंद जैन एडवोकेट, बी एस ठाकुर, विजेंद्र सिंह ठाकुर, सुनील ठाकुर, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष कृपाल सिंह ठाकुर, सचिव कुलदीप शर्मा, जितेंद्र दुबे एडवोकेट, जीवन सिंह खजुरिया, बाबूलाल परमार, सिताराम परमार, योगेंद्र सिंह ठाकुर, योगेश पटेल सहित अभिभाषक संघ के सभी सदस्यों ने बधाई दी।

### पंडित अजय पुरोहित बने सार्वभौम सनातन धर्म महासभा के महासचिव

**सीहोर।** सनातन धर्म को जन-जन तक पहुंचाने वाले और विश्व भर में प्रसिद्ध हमारे शहर की आन-बान और शान महामंडलेश्वर पंडित अजय पुरोहित को सार्वभौम सनातन धर्म महासभा का राष्ट्रीय महासचिव मनोनित किया गया है। इस मौके पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदगुरु गोपेश्वर चैतन्य महाराज राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी पंडित श्री पुरोहित को सौंपी है। इससे क्षेत्र के विप्रजनों में खुशी की लहर दौड़ गई है। पंडित श्री पुरोहित देश भर में अनेक स्थानों में कथा के द्वारा भी जन-जन में आस्था और धर्म की चर्चा करते हुए आ रहे है और महासभा का कार्य भी देख रहे है। जगद गुरु ने पंडित श्री पुरोहित को सौंपे गए नियुक्ति पत्र में आपको इस विस्तारित भूमिका और उत्तरदायित्व के साथ हमें आशा है कि आप देश भर में संगठन की पहुंच बढ़ाने के कार्य में पूर्णता से सम्मलित होकर आगे बढ़ेगे। इस भूमिका में आप जिला स्तर संगठन के अधिकारियों को नियुक्त करने के लिए स्वतंत्र है। उम्मीदवारों की दोहरीकरण रोकने हेतु राज्य स्तर संरचना के लिए केन्द्र को नामांकन भेजे।

### शिकायत मिलते ही एसडीएम ने जांच के दिए निर्देश

# किसानों के साथ धोखाः उपज मंडी में बगैर प्रमाणित बेचा जा रहा है सोयाबीन का बीज

खराब बीज के कारण बौनी खराब हुई तो किसानों को होगा नुकसान।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



इन दिनों नगर की कृषि उपज मंडी लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। चाहे वह अव्यवस्था हो या टैक्स चोरी या फिर अप्रमाणित बीज, जो अब किसानों को प्रमाणित बीज के नाम पर खपाया जा रहा है। साथ ही बीज को दूसरे जिलों में भी भेजा जा रहा है। इसकी शिकायत मिलने पर एसडीएम स्वाती उपाध्याय ने जांच के निर्देश दिए हैं। बगैर प्रमाणित सोयाबीन बीज मंडी से रोज हजारों क्विंटल बिक रहा है।इन दिनों जो कृषि उपज मंडी में कुछ व्यापारी द्वारा बीज का सोयाबीन बेचा जा रहा है। उसका प्रमाण केवल किसानों को व्यापारी द्वारा मौखिक भरोसा ही दिया जा रहा है। इसी तरह मंडी टैक्स चुकाए बिना ही कई वाहन मिली भगत के करके निकाले जा रहे हैं। जिससे मंडी को राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है। टैक्स चोरी का यह खेल कई दिनों से चला आ रहा है। अवैध तरीके से बीज का सोयाबीन मंडी से अन्य जिलों में जाने की शिकायत पर एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा ने जांच के आदेश दिए हैं। जिस पर तत्काल पटवारी व गिरदावर मंडी जावक गेट पर पहुंचे। वहां पर गेट से निकलने वाले वाहनों की जांच पड़ताल के लिए कागजों को देखा। इससे अवैध सोयाबीन बीज बेचने वालों में हड़कंप मच गया। वहीं मंडी सचिव प्रवीण चौधरी भी पहुंची। उन्होंने जांच कर कुछ दिशा निर्देश दिए। बताया जा रहा है कि इसमें भी सोयाबीन का बीज बेचने वालों द्वारा प्रतिभूति लोकल की बनाई जाती है और सोयाबीन का बीज अन्य जिलों में भेजा जा रहा है।इस संबंध में एसडीएम स्वाति उपाध्याय मिश्रा का कहना है कि शिकायत पर जांच के आदेश दिए है। बीज का सोयाबीन बगैर लाइसेंस नहीं बेचा जा सकता। नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# अलीपुर में नलों से आ रहा बदबूदार मटमैला पानी

### जांच करने पहुंचे नपा कर्मचारी



**आष्टा।** नलों से इस तरह का पानी आ रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के अलीपुर क्षेत्र में नगर पालिका के तीन वार्ड आते हैं, जिसमें हजारों नागरिक रहते हैं। वहां नगरपालिका द्वारा काफी दिनों से बिना फिल्टर का पानी प्रदाय किया जा रहा है। वहां की जनता पानी पीना तो दूर स्नान भी नहीं कर पा रही हैं। उक्त जानकारी जब हमारे प्रतिनिधि को अलीपुर के नागरिकों ने बताई तो प्रतिनिधि ने सीएमओ श्री राजेश कुमार सक्सेना एवं नपाध्यक्ष श्रीमती हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा से गंदा पेयजल प्रदाय के संबंध में चर्चा की गई तो उन्होंने तत्काल कैलाश कुशवाह को उनकी टीम के साथ भेजा। शिकायत सही पाई गई तो जनप्रतिनिधि और अधिकारी ने स्वच्छ जल उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के अलीपुर में जैन मंदिर वाले क्षेत्र, जनपद पंचायत परिसर एवं क्षेत्र आदि में नलों से गंदा पानी प्रदाय हो रहा है।यह जानकारी मिलने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार सक्सेना एवं नपाध्यक्ष हेमकुंवर रायसिंह मेवाड़ा को हमारे प्रतिनिधि ने अवगत कराया गया तो उन्होंने तत्काल टीम भेजकर गंदा, बदबूदार पानी आने कारण जाना और रविवार से शुद्ध फिल्टर किया हुआ जल प्रदाय कराने के निर्देश दिए।

## ग्राम भारती शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षक वर्ग में बताया परिवार को संयुक्त रखना




हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर

ग्रामीण शिक्षा ग्राम भारती शिक्षा मध्य भारत प्रांत द्वारा आयोजित आचार्य सामान्य शिक्षण वर्ग राघौगढ़ मै 15 दिवसीय वर्ग के षष्ठम दिवस में वंदना सत्र में शिवकुमार तिवारी प्राचार्य राघौगढ़ विद्यालय, मुरली मनोहर शर्मा विभाग प्रमुख राजगढ़, अग्निवेश त्यागी ग्राम भारती जिला समिति सचिव राघौगढ़, अखिलेश दुबे वर्ग प्रबंधक, भवानी शंकर चौरासिया अतिथियों के द्वारा मां शारदे के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया, अतिथियों का परिचय व अतिथियों का स्वागत के पश्चात पत्रिका निर्माण किया गया।

द्वितीयसत्र में भालचंद्र रावले क्षेत्रीय संगठन मंत्रीरी,अनिल अग्रवाल प्रांतीय शासन संगठन मंत्री एवं अग्निहोत्री त्यागी, गोपाल शर्मा भाग प्रमुख ग्वालियर उपस्थित रहे अतिथियों के परिचय और स्वागत के पश्चात, आदरणीय क्षेत्रीय संगठन मंत्री के द्वारा भारतीय परिवार कुटुंब प्रबोधन विषय पर संवाद सत्र लिया गया, जिसमें परिवार को किस प्रकार से संयुक्त होकर रहना चाहिए, परिवार की वेशभूषा, आचार - विचार भाव, भारतीय संस्कृति के अनुसार रहे एवं हम सबको वासुदेव कुटुंबकम की भावना के साथ में रहना चाहिए और आज के इस बदलते परिदृश्य में अपने परिवार को संयुक्त रूप से किस प्रकार रखा जाए इस पर ध्यान देने की आवश्यकता है, सत्र का संचालन रामबाबू कुम्भज तहसील प्रमुख सारंगपुर ने किया गया।

इस अवसर पर प्रांतीय समिति सदस्य भवानी शंकर चोरासिया, संचालन टोली से हरिशंकर सैनी, राधेश्याम नागर, कालुसिंह राजपूत, राजेश तिवारी, सियाराम पाटीदार, योगेन्द्र दांगी, स्वीटी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## एकादशी पर श्रद्धालुओं ने की गो माता की सेवा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर की मां पार्वती धाम गौशाला में रविवार को मोहिनी एकादशी पर गौशाला में श्रद्धालुओं का पूरे दिन आना जाना लगा रहा धर्म ग्रंथ के अनुसार मोहिनी एकादशी पर गौ माता की सेवा करने का बहुत बड़ा धर्म लाभ बताया गया है नगर के दानदाताओं, गौ सेवकों ने गौशाला की गौ माता को आहार के रूप में हरी सब्जी सुदाना पशु आहार एवं हरि चरी खिलाकर गौ माता की पूजन अर्चना आरती की एवं पूण्य लाभ अर्जित किया इस अवसर पर राधा कृष्ण जगदीश्वर धाम मंदिर परिवार, वरिष्ठ अभिभाषण सुरेंद्र परमार,धीरज मेवाड़ा, गौशाला वार्षिक सदस्य राकेश कुशवाहा, सकल समाज अध्यक्ष अनिल श्रीवास्तव, पूर्व पार्षद शैलेश राठौर, सुभाष सोनी सांवरिया,संजय जैन, सुनील प्रगति, बाबू शर्मा, रवि कामरिया, गौशाला कोषाध्यक्ष संजय सुराणा, उपाध्यक्ष किरण दीदी, विपिन सिंघी, गौशाला सचिव सुनील कचनेरिया एडवोकेट, निलेश शर्मा एडवोकेट, राजीव गुप्ता समाज अध्यक्ष, धनगर सामज अध्यक्ष अनिल धनगर ,मां पार्वती धाम गौशाला समिति अध्यक्ष नरेंद्र कुशवाहा पूर्व पार्षद उपस्थित रहे।

## पुलिया निर्माण की मांग बारिश में ग्रामीणों की बढ़ जाती है परेशानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिला अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बमुलिया में पुलिया का निर्माण नहीं होने से बारिश के समय में ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यहां पर पानी भर जाने से बारिश के समय में ग्रामीणों को निकलने में काफी परेशानी होती है। दरअसल कुलासी नदी ग्राम बमुलिया से निकलकर जाती है। इसका पानी इस पुलिया के माध्यम से भी गांव से होकर निकलती है। बारिश के समय में पुलिया पर पानी भर जाता है। यहां पर कई बार दो-तीन दिन तक इस पुलिया को पार करना मुश्किल हो जाता है। अपने खेती और अन्य कामों के लिए घरों से बाहर जाने के लिए ग्रामीण जान जोखिम में डालकर पुलिया पार करके जाते हैं। ग्रामीणों को यहां से निकलने में काफी परेशानी होती थी, इसको देखते हुए ग्रामीणों ने ग्रामीणों ने अभी मिट्टी और मुरम के सहारे से पुलिया बना ली है। बारिश आने पर यह बह जाती है, जिससे यहां रास्ते पर पूरा गहरा गड्ढा हो जाता है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिया को ऊंचा उठाकर बनाया जाना चाहिए ताकि कुलासी नदी का पानी पुल के नीचे से निकल सके। ग्रामीण राकेश, महेंद्र, रमेश, भूपेन्द्र ने बताया कि वह कई बार विधायक प्रतिनिधि से पुलिया निर्माण के बारे में कहा है परंतु अभी तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि बारिश से पहले इस पुलिया का निर्माण किया जाना चाहिए, अन्यथा बारिश में पुलिया पर अधिक पानी से परेशानी होगी।

# पावर कट की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण, अंचल में भी पूरी रात लोग करते हैं बिजली का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



एक तो तेज गर्मी और उमस से लोग परेशान हैं उस पर बार-बार बत्ती गुल हो जाना। लोग परेशान हैं। जिले के अनेक गांव पावर कट की समस्या से जूझ रहे हैं। जिले का पारा 40 डिग्री के आसपास ही बना हुआ है। ऐसे में दिन के साथ ही रात का मौसम भी गर्म रह रहा है और इस गर्मी के मौसम में भी नगर के कई क्षेत्र पावर कट की समस्या से जूझ रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लोड सेंडिंग के नाम पर बिजली विभाग मनमानी कर रहा है, बार-बार बिजली कट कर दी जाती है। ग्रामीण लोग इससे बेहद परेशान हैं। नगर के मंडी क्षेत्र में इन दिनों काफी पॉवर कट की समस्या बनी हुई है, इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। दिन और रात कभी भी बिजली गुल होने की शिकायतें मिल रही हैं, स्थानीय रहवासी इससे परेशान हैं, फ्री गंज मंडी क्षेत्र निवासी राकेश कुमार चक्रधर ने बताया कि मंडी क्षेत्र में हमेशा से ही पावर कट की समस्या बनी रहती है, इससे क्षेत्र के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार से नागरिकों में नाराजगी है। रात को अचान से बिजली गुल हो जाती है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली कटौती से हालत खराब

ग्रामीणों ने बताया कि यह समस्या काफी दिन से बनी हुई है। दिन में भी हर कभी बिजली नहीं रहती है। बिजली नहीं रहने के कारण से चोरी का भी डर बना रहता है। बिजली कंपनी मेंटनेंस करने का दावा करती है, इसके बावजूद भी थोड़ी बहुत ही हवा और पानी में लाइन फाल्ट हो जाती है। इसका नुकसान रहवासी और दुकानदारों को उठाना पड़ता है, दिन के अचानक बिजली से चलने वाले यंत्र भी बंद हो जाते हैं, इससे व्यापारी वर्ग भी काफी परेशान है, सवाल यह उठ रहे हैं जब नियमित मेंटेनेंस कार्य बिजली कंपनी कर रही है तो फिर पॉवर कट की समस्या क्यों बार-बार बन रही है। बिजली विभाग एई नारायण सिंह यादव का कहना है कि बारिश, हवा के चलते जंफर टूट जाते हैं जिससे समस्या आ रही है। मेंटेनेंस कार्य किया जा रहा है।

# अच्छे और उत्कृष्ट कार्य करने वालों का सम्मान किया जाना चाहिएः विधायक गोपाल इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



विगत रात्रि को हिरण का शिकार बनाने वाले जंगली कुत्तों से घायल हिरण को बचाया समय पर वन विभाग को सूचित कर घायल हिरण का इलाज करवाया। कोठरी नगर परिषद वार्ड नं 1 मेनाखेड़ी के जयपाल सिंह बनेरा का सम्मान विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने साफा बांधकर किया एवम् विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों के सम्मान करने का आवाह्न भी किया।

साहसिक और सामाजिक कार्यों पर हमे अपने ग्राम/ नगर के ऐसे लोगों का सम्मान और धन्यवाद करना और उनसे शिक्षा लेकर अच्छे कार्य करना ही हमारा उद्देश्य होना चाहिए। इस अवसर पर नगर परिषद कोठरी के अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपती, रूपेश जगदीश पटेल, ललित धारवां, राजकुमार पटेल, अंकित तोमर विक्रम मामा, संजय पटेल, संदीप पटेल, टिंकू खेरी अरविंद वर्मा, महेश मालकार, अखलेश मेवाडा, पिंटू बनेरा आदि ने सराहनीय कार्य करने पर शुभकामनाएं दी।

### गंज मंदिर के उपाश्रय में शासन दिवस के रूप में मनाया स्थापना दिवस

# भगवान महावीर ने की थी चतुर्विद संघ की स्थापना

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जैन धर्म और उसके सिद्धांत अनंत काल से विद्यमान हैं ,परंतु श्रमण भगवान महावीर ने केवल्यज्ञान के पश्चात वैशाख सुदी ग्यारस को विधिवत चतुर्विद संघ की स्थापना की। जिसमें चार अंग साधु, साध्वी, श्रावक और श्रविका होते हैं। श्रीसंघ के इसी जन्म दिवस को हम शासन स्थापना दिवस के रूप में मनाते हैं और ध्वजारोहण करके उसकी वंदना करते हैं और शपथ ग्रहण करते हैं। उक्त बातें श्री श्वेतांबर जैन श्रीसंघ अध्यक्ष श्री पवन सुराणा एवं श्री महावीर स्वामी जैन मंदिर गंज ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री नगीनचंद जैन वोहरा एडवोकेट ने समारोह को संबोधित करते हुए कही।इस अवसर पर रविवार 19 मई को गंज मंदिर जी उपाश्रय मे इस दिवस को ध्वजारोहण करके मनाया गया। श्रीसंघ अध्यक्ष पवन सुराणा, नगीनचंद जैन एडवोकेट, लोकेंद्र बनवट, अभिषेक सुराणा, डॉ मीना सिंगी, प्रताप चतरमुथा, नगीन सिंगी सहित सभी उपस्थितजनों ने ध्वजारोहण के पश्चात ध्वजा को सलामी दी। रत्ना वोहरा ने अपने सुमधुर वाणी में ध्वज वंदना गीत प्रस्तुत किया। जिसे उपस्थित सभी ने काफी सराहा। जैन धर्म के ध्वज के समक्ष महिला मंडल ने धूप, दीप और गवली की। एक स्तुति नमिता सुराणा और सारिका वोहरा ने प्रस्तुत की। इसके पश्चात अध्यक्ष श्री सुराणा द्वारा सभी को जिनशासन और राष्ट्र के प्रति समर्पित रहने की प्रतिज्ञा दिलाई गई। आयोजन का संचालन समाज के प्रवक्ता अतुल सुराणा द्वारा किया गया और अंत मे आभार समाज के महासचिव अभिषेक सुराणा द्वारा व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आयोजन में नगीनचंद जैन वोहरा, लोकेंद्र बनवट, नगीन सिंगी, प्रताप चतरमुथा, आलोक वोहरा, नगीन डूंगरवाल, विपिन बनवट, प्रदीप वोहरा, रूपेश कोचर, देशचंद वोहरा, तरुण चतरमुथा व महिला मण्डल की सम्माननीय उपस्थिति रही।

# स्वच्छ भारत अभियान को पलिता लगा रहे नपा के सफाई कर्मचारी





हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

शहर को स्वच्छता में नंबर वन बनाने की कवायद महज दिखावा ही साबित हो रही है। जिम्मेदार केवल दिखावे के लिए अभियान चलाते है, या फिर महज औपचारिकता पूरी करने के लिए दिर्शा निर्देश देकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेते है। इस का खामियाजा रहवासी गंदगी और बदबू सहकर भुगतने को मजबूर है।

स्थिति यह है की सफाई कर्मचारी वार्डों में साफ-सफाई करने नहीं आते है। कुछ एसे ही हालात शहर के वार्ड 15 का है। जहां पर रहवासी जिम्मेदारों को शिकायते कर-कर थक चुके है। लेकिन सफाई कर्मचारी वार्ड की गलियों में नहीं पहुंच रहे है। रहवासी हरीश राठौर, देवीलाल शक्य ने बताया कि नालिया पूरी तरह से चौक हो रही है। गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। असहनीय बदबू के कारण निकला भी दुश्वार हो गया है। वार्ड में सफाई को लेकर नपाध्यक्ष से लेकर सीएमओ तक से शिकायत कर चुके है। वही रहवासी कई बार मौखिक रूप से सफाई कर्मचारी और दरोगा को भी अवगत कर चुके है। इसके बाद भी वार्ड के कई क्षेत्रों में कर्मचारी सफाई करने नहीं पहुंच रहे है। यही स्थिति रही तो गंदगी और बदबु के कारण बीमारिया फैलने से रहवासी बमीार हो जाएंगे। रहवासियों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों से वार्ड में नियमित साफ-सफाई करने की मांग की है।